समाचार

# महापौर ने किया राशन कार्डो का वितरण



कोरबा 20 अक्टूबर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस बस्ती में राशन कार्डो का वितरण किया तथा संबंधित राशन कार्डधारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वार्ड के 68 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर एल्डरमेन एस.मूर्ति, पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, मनकराम साहू, राजेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, मंदाकिनी चन्द्रा, रितेश कुमार, सुनीता देवी, दिव्या चौहान, किरण साहू आदि के साथ अन्य नागरिक एवं हितग्राहीगण उपस्थित थे। महापौर श्री प्रसाद ने राशन कार्ड के हितग्राहियों एवं वहां पर उपस्थित ऐसे नागरिकों जिन्होने मास्क नहीं लगाया था, उनको मास्क प्रदान किए तथा आग्रह किया कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु कोविड–19 के सभी प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन करें।